सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 94 | इंदौर, मंगलवार 10 अक्टूबर, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

**विधानसभा निर्वाचन 2023 की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता पूरे प्रदेश में प्रभावशील हो गई है।**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

किसी भी दल से संबंधित सभी जिलों में शिकायतों के निराकरण हेतु 24x7 शिकायत निराकरण केंद्र भी प्रारंभ हो गए हैं: चीफ इलेक्टोरल ऑफिसर मध्यप्रदेश श्री अनुपम राजन

**Control Room**

1800-2330-1950 (Toll Free)
0755-2780100, 2780101
0755-2780102, 2780103
0755-2780104, 2780105
0755 2555162

पर शिकायत दर्ज करवा सकते है ।

## Headline

1. Israel Hamas Conflict: 'अमेरिकी नागरिकों को बचाने के लिए कड़ा रुख अपनाएंगे', लड़ाई के बीच एफबीआई की चेतावनी
2. Hamas-Israel conflict: 'फलस्तीनियों के साथ खड़ा है सऊदी', इस्राइल-हमास संघर्ष बढ़ने पर क्राउन प्रिंस
3. Research: वैश्विक तापमान में दो डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी खतरनाक! भारत-पाकिस्तान में करोड़ों लोग होंगे परेशान
4. Chamoli: हेमकुंड साहिब आए पाकिस्तानी यात्रियों की बस हुई हादसे का शिकार, अनियंत्रित होकर खाई की तरफ लटकी
5. Gangwar in Delhi: डबल मर्डर की सनसनीखेज वारदात, हत्या करने आए दो बदमाशों का कत्ल; एक की हालत गंभीर

### चुनाव आचार संहिता का असर

# महाकाल मंदिर में नेताओं का कोटा खत्म

**सीएम के कार्यक्रम रद्द, बारात-जुलूस के लिए परमिशन जरूरी**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। विधानसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा होते ही मध्यप्रदेश में सोमवार से आचार संहिता लागू हो गई है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को अपने सिहोरा और बरगी विधानसभा क्षेत्रों के कार्यक्रम रद्द करने पड़े हैं। जबलपुर जिले के सिहोरा के बघराजी में महिला महासम्मेलन और बरगी में आदिवासी सम्मेलन होना था। उज्जैन के श्री महाकालेश्वर मंदिर में नेताओं का कोटा खत्म कर दिया गया है। मंदिर समिति के सहायक प्रशासक मूलचंद जूनवाल ने बताया, ह्यनेताओं को 350 भक्तों के लिए भस्म आरती अनुमति सुविधा दी जाती है। इसे सोमवार से बंद कर दिया गया है। 350 भक्तों की अनुमति सुविधा को ऑनलाइन किया गया है। राजनीतिक आधार पर दर्शन के लिए प्रोटोकॉल व्यवस्था भी आचार संहिता लागू रहने तक बंद रहेगी।



चुनाव के चलते शस्त्र लाइसेंस निरस्त कर दिए गए हैं। लाइसेंसधारकों को अपने हथियार तुरंत और किसी भी स्थिति में नोटिस प्राप्त होने की तारीख से 7 दिन की अवधि के भीतर संबंधित थानों में जमा कराने होंगे। ऐसा नहीं करने पर धारा 188 के तहत कार्रवाई की जाएगी। परिणाम घोषित होने के एक सप्ताह बाद हथियार वापस कर दिए जाएंगे।

## राजनीतिक पोस्टर्स-बैनर्स हटे

राजधानी भोपाल समेत प्रदेश के तमाम जिलों में जिला प्रशासन और नगर निगम का अमला मैदान में उतर चुका है। नेताओं और राजनीतिक दलों के पोस्टर्स-बैनर सार्वजनिक स्थलों से उतारे जा रहे हैं। अब बारात में बैंड या किसी भी तरह का जुलूस निकालने पर कलेक्टर या संबंधित एसडीएम की परमिशन जरूरी होगी। सभा और अन्य कार्यक्रमों के लिए भी इजाजत लेनी होगी। भोपाल में नगर निगम और जिला प्रशासन की टीम ने राजनीतिक दलों के पोस्टर्स-बैनर्स हटाने शुरू कर दिए हैं।

## नहीं होंगे विकास कार्यों के भूमिपूजन-लोकार्पण-

आचार संहिता लागू होने के बाद अब विकास कार्यों के भूमिपूजन और लोकार्पण नहीं होंगे। हालांकि, आचार संहिता से पहले ही जिन कामों का भूमिपूजन और लोकार्पण हो चुका है, उनका काम चलता रहेगा। भोपाल में आचार संहिता लागू होने से ठीक पहले पार्क, सुलभ शौचालय का लोकार्पण किया गया। न्यू मार्केट स्थित क्वालिटी रेस्टोरेंट के पास महिला सुलभ कॉम्प्लेक्स और फीडिंग रूम का उद्घाटन महापौर मालती राय, पार्षद आरती अनेजा ने किया।

खंडवा में भी आदर्श आचार संहिता लागू होते ही राजनीतिक पोस्टर्स-बैनर्स हटा गए। दीवार लेखन को ऊपर से पेंट कर मिटाया गया।

## छिंदवाड़ा में सुबह से ही भूमिपूजन की होड़

आचार संहिता लागू हो सकती है, इसका पता सभी राजनीतिक दलों को था इसीलिए आज सुबह से विकासकार्यों के भूमिपूजन की होड़ देखी गई। छिंदवाड़ा के वार्ड क्रमांक 1 में प्रत्याशी और जिलाध्यक्ष विवेक बंटी साहू ने 2 लाख रुपए की लागत के रंगमंच का भूमिपूजन किया। इस वार्ड से कांग्रेस के पार्षद रोशनी सरलाम हैं।

वार्ड क्रमांक 16 में विवेक बंटी साहू ने मुख्यमंत्री कायाकल्प निधि से 60 लाख रुपए की लागत की सड़क का भूमिपूजन किया। यहां से भी कांग्रेस की पार्षद संतोषी गया प्रसाद वाडीवा हैं। मानेगांव में भी साहू ने 23 लाख की सड़क का भूमिपूजन किया।

# महू आर्मी कॉलेज में बाघ के बाद अब तेंदुए की हलचल, सीसीटीवी में कैद हुई घटना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**महू/इंदौर। बाघ के बाद अब महू आर्मी कालेज में तेंदुए की हलचल देखी गई है। इसके बाद वहां रहने वाले लोग दहशत में है। रविवार-सोमवार दरमियानी रात में तेंदुए की गतिविधि सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। दो घंटे तक तेंदुआ आसपास के इलाके में घूमता रहा। रात एक से तीन बजे के भीतर दो मर्तबा कैमरे में नजर आया है।**

इसके बाद सेना ने उस स्थान पर लोगों को जाने से माना किया है। यहां तक कि तेंदुए को ढूंढा जा रहा है। पूरे क्षेत्र में लगे कैमरों से तेंदुए का मूवमेंट देख रहे है। कंट्रोल रूम पर सेना के अधिकारी और वनकर्मी नजर रखे हुए है। वहीं महू रेंजर वैभव उपाध्याय की टीम आसपास का इलाके में तेंदुए को ढूंढ रही है। उन्होंने लोगों को सर्तक रहने के लिए बोला है। दोपहर तक रालामंडल अभयारण्य की रेस्क्यू टीम भी



आएगी। इसके बाद जगह-जगह पिंजरें लगाएंगे। एसडीओ कैलाश जोशी के मुताबिक, तेंदुए की सर्चिंग आपरेशन शुरू कर दिया है। 6 अक्टूबर को तेंदुए का मूवमेंट आशापुरा क्षेत्र में दिखा था। वहां एक मवेशी पर भी हमला किया था।

## बड़गोंदा में बाघ की मौजूदगी

अप्रैल में बड़गोंदा से लगे सैन्य परिसर में बाघ नजर आया था। फिर जून तक कई मर्तबा बाघ को देखा गया था। सर्चिंग आपरेशन के दौरान तीन से चार टीमें बाघ को पकड़ने का प्रयास करती रही। मगर जून-जुलाई में बाघ का मूवमेंट मानपुर में रहा। इसके चलते वहां से वन विभाग ने अपनी टीमें हटा दी, लेकिन अगस्त से बाघ ने अपना नया अधिकार क्षेत्र बना लिया है। आए दिन महू-मानपुर और बड़वाह जंगलों के बीच बाघ की मौजूदगी से जुड़े प्रमाण मिले है। पंजों के निशान और विष्ठा के आधार पर वन अफसरों के मुताबिक जंगल में दो बाघ की हलचल है। वैसे इन दिनों एक बाघ को बड़गोंदा का जंगल रास आया है। बाघ ने अभी किसी भी ग्रामीण पर हमला नहीं किया है।

## दूरदर्शन पर अपना हुनर दिखाएंगे इंदौर से पढ़ाई कर चुके सौरभ

**इंदौर**। दूरदर्शन पर प्रसारित होने वाले पंटून किड्स के शो - पिग्गी बैंकह्व इस ब्रांड के सफर में एक बेहद महत्वपूर्ण पड़ाव है। इस साझा प्रयास से यह ब्रांड एक विस्तृत ऑडियंस तक पहुंच सकेगा और बच्चों के लिए मजेदार और मनोरंजक सीख वाला कंटेंट पहुंचाने की अपनी प्रतिबद्धता को सार्थक कर सकेगा।

पिग्गी बैंक एक ऐसा शो है, जो की गट्टू और चिंकी नाम के पसंदीदा किरदारों की रोजमर्रा की जिंदगी की घटनाओं पर आधारित है, जिससे बच्चों को रोज नई सीख मिल सके। पनटून किड्स के सीईओ और फाउंडर सौरभ कुमार इंदौर के डीएवीवी के ईएमआरसी से पास आऊट है ने इस साझेदारी पर अपनी प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि, हम दूरदर्शन के साथ अपनी इस पार्टनरशिप को लेकर बहुत खुश है और पिग्गी बैंक न शो के माध्यम से हमारा ब्रांड बच्चों के बीच आपसी मेलजोल बढ़ाने और दूरदर्शन के प्रेरित, प्रभावित और शिक्षित करने वाले कंटेंट में अपना योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है।

## कर्मचारी संघ का स्थापना दिवस मनाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। म.प्र.राज्य कर्मचारी संघ इंदौर के द्वारा 45 वा स्थापना दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रांतीय अध्यक्ष विश्वजीत सिंह सिसौदिया विशिष्ट अतिथि महापौर परिषद सदस्य एवं पार्षद नंदकिशोर पहाड़ियां प्रांतीय कोषाध्यक्ष अनिल एडविन थे। अध्यक्षता इंदौर संभाग के अध्यक्ष मोहन कुमार त्रिपाठी ने की अतिथि स्वागत जिला अध्यक्ष शिवनारायण शर्मा जिला सचिव राकेश कुमार वर्मा जिला कोषाध्यक्ष हरि सिंह पाल संभागीय उपाध्यक्ष भरत भदानीया जिला सांस्कृतिक प्रकोष्ठ अध्यक्ष बाल मुकुंद गौड़ आबकारी जिला उपाध्यक्ष देवेन्द्र पवार विभाग प्रकोष्ठ आबकारी अध्यक्ष सतेज कोपरगांवकर मनोज खरे जफर अली खान जिला शिक्षा प्रकोष्ठ अध्यक्ष शिवराम पाटीदार, उपाध्यक्ष श्रीमती शोभा श्रीवास्तव अध्यक्ष डॉ.आर.सी.अलेरिया विष्णु सनवर संजय व्यास, वासुदेव सोनगरा विभागीय समिति के मनोज राठिया,हरिश रमणवाल उमेश श्रीवास्तव, अखिलेश राजपूत दीपक शर्मा आदित्य जाधव ज्योति सेनी क्षितिजचेतन आदि बड़ी संख्या में कार्यकर्ता ने समारोह में उत्साह पूर्वक शामिल होकर मनाया।

## आरएपीटीसी, इंदौर में सेमुलेटर हॉल का उद्घाटन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **रूस्तमजी सशस्त्र पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय, इंदौर मध्यप्रदेश पुलिस के विसबल एवं जिला पुलिस बल के जवानों और अधिकारियों को बुनियादी प्रशिक्षण, वेपन टेक्टिक्स एवं अन्य विभिन्न इन-सर्विस प्रशिक्षण देने का एक सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षण संस्थान है।**

पुलिस के जवानों एवं अधिकारियों के मानसिक, शारीरिक विकास के साथ ही हथियारों एवं वाहनों के रख-रखाव एवं संचालन की क्षमता एवं दक्षता को बढ़ाने के लिये फायरिंग आर्म्स सेमुलेटर एवं ड्रायविंग सेमुलेटर को स्थापित किये जाने की आवश्यकता को देखते हुये संस्था में सेमुलेटर भवन निर्माण की योजना तैयार की गई। इस योजना को मुर्तरूप देने के संबंध में डॉ. वरूण कपूर, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक आरएपीटीसी, इंदौर द्वारा बताया गया कि प्रशिक्षण के लिये बुनियादी सुविधाओं का बढ़ाये जाने की आवश्यकता को दृष्टिगत रख सेमुलेटर भवन के निर्माण की योजना तैयार कर इसका निर्माण कार्य वर्ष 2021 में रूस्तमजी सशस्त्र पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय, इंदौर के दूसरी पल्टन स्थित प्रशिक्षण परिसर में स्वीमिंगपूल के पास प्रारंभ किया गया था जिसके निर्माण पर लगभग 54 लाख की लागत आयी । सेमुलेटर भवन का निर्माण पूर्ण होने पर सेमुलेटर भवन का उद्घाटन डॉ. वरूण कपूर द्वारा किया गया और इस भवन का नामकरण ब्रम्हास्त्र के रूप में किया गया । सेमुलेटर भवन का निर्माण होने से फायरिंग सेमुलेटर एवं ड्रायविंग सेमुलेटर पर पुलिस जवानों एवं अधिकारियों को फायरिंग एवं ड्रायविंग की विधा में महारत हासिल करना आसान होगा ।

कटाक्ष




## अनुमति का पेच फंसते ही संजय शुक्ला ने जया किशोरी की कथा की निरस्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **एक नंबर विधानसभा में विधायक संजय शुक्ला द्वारा कराई जा रही जया किशोरी की कथा आचार संहिता लगने के बाद निरस्त हो गई। कथा की अनुमति शनिवार को जारी की गई थी। अनुमति के लिए आवेदन संजय के बेटे सागर ने दिया था, लेकिन अनुमति विधायक संजय शुक्ला के नाम पर जारी हुई।**

अनुमति में यह शर्त भी रखी गई थी कि यदि आचार संहिता लगती है तो फिर नए सिरे से अनुमति जिला निर्वाचन अधिकारी से लेना होगी। अनुमति संजय शुक्ला के नाम पर होने से यह पेंच फंस गया कि यदि नए सिरे से अनुमति मिलती है तो फिर कथा का खर्च भी चुनावी खर्च में जुड़ सकता था।

इस वजह से विधायक शुक्ला ने कथा निरस्त करना ही बेहतर समझा। वे बीते दस दिनों से घर-घर जाकर कथा के लिए साड़ियां बांट रहे थे और दलालबाग में कथा के लिए डोम भी तैयार हो गए थे। शुक्ला ने कहा कि कथा की अनुमति नहीं मिलने के कारण कथा निरस्त की गई।

### इंदौर में 27 लाख मतदाता, 2486 मतदान केंद्र

कलेक्टर इलैया राजा टी ने बताय कि इंदौर के 9 विधानसभा क्षेत्रों में 27 लाख, 62 हजार 507 मतदाता है। पिछले चुनाव की तुलना में इंदौर जिले में 2.80 लाख नए वोटर जुड़े है। इंदौर में सबसे ज्यादा वोटर चार नंबर विधानसभा में (4.13 लाख) में है,जबकि सबसे कम तीन नंबर विधानसभा (1.88 लाख) वोटर है। इंदौर में कुल 2486 मतदान केंद्रों पर वोट मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

## बिजली लाइनों से पर्याप्त दूरी बनाए रखने की अपील

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने उपभोक्ताओं एवं आमजनों से बिजली लाइनों से पर्याप्त दूरी बनाए रखने की अपील की है। निम्न दाब यानि एलटी लाइन जहां ट्राफिक नहीं हो वहां 4.6 मीटर या 15 फीट और 11 केवी, 33 केवी की उच्च दाब लाइनों की दूरी 5.2 मीटर या 17 फीट होनी चाहिए। इसी तरह सड़क के समानांतर विद्युत लाइन के नीचले तार की ऊंचाई एलटी में 5.5 मीटर या 18 फीट और एचटी लाइन होने पर 5.8 मीटर या 19 फीट हो, सड़क क्रासिंग करती हुई बिजली लाइन एलटी 5.8 मीटर या 19 फीट और एचटी लाइन की ऊंचाई 6.1 मीटर या 20 फीट होनी चाहिए। इसी तरह मकान की ऊपर से गुजरने वाली लाइन एलटी कंडक्टर की न्यूनतम दूरी मकान की उपरी हिस्से से 2.5 मीटर या 8 फीट और एचटी लाइन होने पर दूरी 3.7 मीटर या 12 फीट होनी चाहिए। मकान के पास से यदि लाइन गुजरती हैं तो एलटी लाइन से मकान के अंतिम छोर की दूरी 1.2 मीटर या पौने चार फीट एवं एचटी लाइन होने पर मकान के अंतिम छोर से दूरी 2 मीटर या साढ़े छः फीट होने चाहिए। बिजली कंपनी ने सभी सम्माननीय उपभोक्ताओं से बिजली लाइनों से पर्याप्त दूरी बनाए रखने की अपील की हैं , ताकि हादसों की संभावना न रहे।

# 20 हजार कर्मचारी संभालेंगे मतदान की जिम्मेदारी

## जिला प्रशासन ने जिले में सभी कर्मचारियों और अधिकारियों के अवकाश पर रोक लगा दी है

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** विधानसभा चुनाव की आचार संहिता लागू होने के साथ ही मतदान की तैयारी भी तेज हो चुकी है। जिले में शांतिपूर्ण मतदान कराने के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय ने अधिकारियों और कर्मचारियों को विभिन्न कार्य सौंपे है। मतदान दल, मतगणना और सामग्री वितरण के लिए जिले में बीस हजार के करीब अधिकारियों-कर्मचारियों की आवश्यकता होगी। रिटर्निंग अधिकारी, सहायक रिटर्निंग अधिकारी सहित सेक्टर अधिकारियों की नियुक्ति कर दी गई है। जिले में 2486 मतदान दल भी गठित किए जा रहे हैं। इसमें दस हजार कर्मचारियों की आवश्यकता होगी। जिला प्रशासन ने जिले में सभी कर्मचारियों और अधिकारियों के अवकाश पर रोक लगा दी है।

इंदौर जिले के सभी नौ विधानसभा क्षेत्रों में शांतिपूर्ण मतदान के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी इलैया राजा टी ने 9 रिटर्निंग अधिकारी और 27 सहायक



रिटर्निंग अधिकारी को नियुक्ति कर दी है। इसके अलावा 275 सेक्टर चुनाव अधिकारी और 272 पुलिस सेक्टर अधिकारियों की नियुक्ति की जा चकी है। सभी अधिकारियों को प्रशिक्षण दिए जा चुके हैं।

मतदान दलों में कर्मचारियों की नियुक्ति कर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी इलैया राजा टी का कहना है कि जिले में मतदान के लिए 19 हजार 286 कर्मचारियों की आवश्यकता होगी। इसके लिए जिले में 32086 कर्मचारी हमारे पास है। इसके अतिरिक्त अन्य तैयारी भी पूरी की जा रही है।

## 21 अक्टूबर से नामांकन 2 नवम्बर तक वापसी

**इंदौर।** इंदौर जिले में सभी 9 विधानसभा क्षेत्रों में 17 नवम्बर को मतदान होगा। निर्वाचन की अधिसूचना 21 अक्टूबर को जारी होगी। इसी दिन से नामांकन पत्र जमा करने का सिलसिला प्रारंभ हो जाएगा। नामांकन पत्र जमा करने की आखिरी तारीख 30 अक्टूबर रहेगी तथा जांच 31 अक्टूबर को होगी। प्रत्याशी 2 नवम्बर तक अपना नाम वापस ले सकते हैं। जिले में 17 नवम्बर को मतदान होगा और 3 दिसम्बर को मतगणना होगी। इस बार 9 विधानसभा में कुल 27,62,507 वोटर्स हैं। खास बात यह कि प्रत्याशी या राजनीतिक पार्टियां किसी की निजी संपत्ति पर भी बिना मालिक की अनुमति के बैनर, पोस्टर नहीं लगा सकेंगे।जिला निर्वाचन अधिकारी व कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी ने बताया कि सभी विधानसभा क्षेत्रों के नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि उन्हें सौंए गए कामों को वे निर्धारित समय-सीमा और निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप करें। उन्होंने कहा सी विजिल की शिकायतों के निराकरण के तहत विधानसभा देपालपुर के लिए अलग एफएसटी टीम गठित होगी। इससे सी विजिल की शिकायतों का निराकरण समय पर हो सकेगा।

## इंदौर जिले को कोलाहल नियंत्रण क्षेत्र (साईलेन्स झोन) घोषित किया गया

### कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. इलैयाराजा टी ने आदेश जारी किये

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** भारत निर्वाचन आयोग की विधानसभा निर्वाचन 2023 की घोषणा के साथ ही इंदौर जिले में आदर्श आचरण संहिता लागू हो गई है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. इलैयाराजा टी ने इंदौर जिले की राजस्व सीमाओं को आगामी आदेश तक कोलाहल नियंत्रण क्षेत्र (साईलेन्स झोन) घोषित किया हैं। इस संबंध में जारी आदेश के अनुसार सम्पूर्ण इंदौर जिले में शान्तिपूर्ण एवं निष्पक्ष निर्वाचन सम्पन्न कराने, कानून व्यवस्था व लोकशांति बनाये रखने के लिये रात्रि 10.00 बजे से प्रातः 6.00 बजे तक लाउड स्पीकर एवं ध्वनि विस्तार यंत्रों का सार्वजनिक उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। सक्षम अधिकारी की अनुमति प्राप्त कर प्रातः 6.00 बजे से रात्रि 10.00 बजे तक मध्यप्रदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 तथा ध्वनि प्रदूषण (विनियम और नियंत्रण) नियम 2000 के प्रावधान का अनुसरण कर ध्वनि मानक 10 डेसीबल या कुल क्षमता का 1/4 वाल्यूम में से जो कम हो पर ध्वनि विस्तार यंत्रों का उपयोग किया जा सकेगा। वाहन पर ध्वनि विस्तार यंत्र के उपयोग की स्थिति में वाहन का पंजीयन, वैद्य ड्रायविंग लायसेंस, बीमा, फिटनेस आदि दस्तावेज प्रस्तुत करना आवश्यक होगा। यदि चलित वाहन में लाउड स्पीकर का प्रयोग किया जाता है तो उपयोग में लाये जाने वाले मार्ग अथवा क्षेत्र का विवरण प्रस्तुत करना भी आवश्यक होगा। शासकीय विश्राम भवन, न्यायालय, चिकित्सालय, कलेक्ट्रेट, जेल, विद्यालय, शासकीय कार्यालय, पुलिस थाना, बैंक, दूरसंचार तथा अन्य क्षेत्र जो अन्यथा घोषित किए जाये आदि से 200 मीटर की परिधि में ध्वनि विस्तार यंत्रों के प्रयोग की अनुमति प्रदान नही की जायेगी।

## जिले के सभी विश्राम गृह भवनों का अधिग्रहण

### विश्राम गृह भवनों में आदर्श आचरण संहिता का पालन करना अनिवार्य

### कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डॉ. इलैयाराजा टी ने आदेश जारी किये

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन की घोषणा के साथ ही आदर्श आचरण संहिता लागू हो गई हैं। विभिन्न राजनीतिक दलों, संगठनों और निर्वाचन कार्य में संलग्न कार्यकर्ताओं और व्यक्तियों की निर्वाचन संबंधी गतिविधियां प्रारंभ हो गई है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डॉ. इलैयाराजा टी ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के तहत जिले के सभी विश्राम भवनों को अधिग्रहीत करने के आदेश जारी किए हैं।**

जारी आदेश के अनुसार रेसीडेंसी कोठी, सर्किट हाउस, ओल्ड रेस्ट हाउस, केंद्रीय लोक निर्माण विभाग गेस्ट हाउस, सोयाबीन अनुसंधान केंद्र गेस्ट हाउस, मान परियोजना गेस्ट हाउस, एनएचडीसी स्कीम नंबर 78 विश्राम भवन, वन मंडल गेस्ट हाउस नवरतन बाग, मध्य प्रदेश विद्युत वितरण कंपनी के गेस्ट हाउस पोलो ग्राउंड, एचआरडीसी गेस्ट हाउस देवी अहिल्या विश्व विद्यालय तथा भारतीय स्टेट बैंक गेस्ट हाउस माणिक बाग रोड और जिले के सांवेर, देपालपुर, महू तथा हातोद में स्थित विश्राम गृहों का अधिग्रहण किया गया है।

विश्राम गृह भवनों के नियंत्रणकर्ता अधिकारी नियम और निर्देशों का पालन सुनिश्चित करेंगे। उन्हें कहा गया है कि विश्राम गृहों का उपयोग राजनीतिक गतिविधियों के लिए नहीं किया जाएगा। विश्राम गृह परिसर में निर्वाचन की आदर्श आचरण संहिता का पालन करवाना होगा। जिला दंडाधिकारी की अनुमति के बिना विश्रामगृह किसी अन्य को आवंटित नहीं किया जाएगा। विश्रामगृह की विद्युत, पेयजल, सफाई, आवश्यक फर्नीचर/क्रॉकरी और और खानसामा व स्टाफ संबंधी अन्य व्यवस्थाएं नियंत्रक अधिकारी द्वारा परिसर में सुनिश्चित की जाएगी। जिला दंडाधिकारी द्वारा प्रदत्त एवं समय-समय पर जारी दिशा निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा। अनुविभागीय दंडाधिकारी संबंधित नियंत्रणकर्ता के माध्यम से अपने-अपने क्षेत्र के विश्राम गृहों पर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

## महू से उषा का टिकट होल्ड पर, दूसरी सीट से फिर टिकट दे सकता है संगठन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **पर्यटन मंत्री उषा ठाकुर को संगठन ने तीन बार अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों से टिकट दिया है और तीनों बार वे चुनाव जीत गई। भाजपा की चौथी सूची में महू से उषा ठाकुर का टिकट होल्ड पर रखा है,जबकि विधायक रमेश मेंदोला और मालिनी गौड़ को फिर उम्मीदवार बनाया गया है।**

संगठन फिर उषा को नई सीट से चुनाव लड़ने का प्रयोग दोहरा सकता है। वे पांच नंबर या तीन नंबर से भाजपा की उम्मीदवार हो सकती है। उधर उषा का कहना है कि संगठन उन्हें जो जिम्मेदारी देगा, उसे निभाया जाएगा। यदि उषा को महू के बजाए दूसरी सीट से टिकट दिया जाता है तो फिर महू से भाजपा जीतू जिराती को भी उम्मीदवार बना सकती है। डॉ. निशांत खरे का नाम भी इस सीट के लिए चर्चा में है।महू से पहले उषा तीन नंबर विधानसभा क्षेत्र की विधायक रह चुकी है, इसलिए उनके टिकट की ज्यादा संभावना तीन नंबर क्षेत्र



से है। इस स्थिति में भाजपा पांच नंबर से किसी नए चेहरे को टिकट दे सकती है। तीन नंबर, पांच नंबर और महू सीट पर उम्मीदवार तय करना चुनाव के रणनीतिकारों के लिए भी आसान नहीं है। कैलाश विजयवर्गीय का टिकट होने के बाद उनके बेटे विधायक आकाश विजयवर्गीय तीन नंबर विधानसभा से टिकट की दौड़ में बाहर हो चुके है, लेकिन उन्होंने विधानसभा में काम बहुत कराए। तीन नंबर विधानसभा सीट के लिए विजयवर्गीय खेमे की पसंद भी संगठन मायने रख सकता है। पांच साल पहले तक ठाकुर और विजयवर्गीय के बीच अच्छा तालमेल रहा,लेकिन पिछली बार उषा को तीन नंबर के बजाए टिकट महू से मिलने के बाद दोनो के बीच थोड़ी दूरी आ गई। पांच नंबर विधानसभा क्षेत्र से टिकट के प्रबल दावेदार गौरव रणदिवे है। पांच नंबर सीट का होल्ड पर रखा जाना भी यह संकेत दे रहा है कि इस बार विधायक महेंद्र हार्डिया का टिकट कट सकता है।

## सविष्कार' मालवा ने आध्यात्मिक पर्यटन पर कराई समूह चर्चा 'नींव-निरुपन'




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इन्दौर। उज्जैन स्मार्ट सिटी लिमिटेड के सहयोग से उज्जैन इनक्यूबेशन सेंटर में सविष्कार मालवा द्वारा 'नींव-निरुपण' इंटीग्रेटिंग स्पिरिचुअलिटी एंड इनोवेशन संगोष्ठी का विशेष कार्यक्रम किया गया, जो सिंहस्थ 2028 के परिप्रेक्ष्य में आध्यात्मिक पर्यटन और उद्यमिता के अवसरों की खोज करता है। इसमें कई वक्ताओं ने अपनी बात रखी।**

उज्जैन इंक्यूबेशन सेंटर में आयोजित इस संगोष्ठी का उद्देश्य हितधारकों, शोधकतार्ओं, उद्यमियों और नीति निमार्ताओं को एकसाथ आने, विचारों का आदान-प्रदान, अनुभव साझा, आध्यात्मिकता और नवाचार के बीच संभावित तालमेल की कल्पना करने के लिए एक मंच प्रदान करना था। एक केंद्रित समूह पैनल चर्चा आयोजित की गई, जिसमें मुदित ठक्कर (सीईओ- यंगोवेटर), गौरव राणा (सीईओ-यात्री कार्ट), संयोग तिवारी (सीईओ-ईवी ऊर्जा), प्रशांत कुलकर्णी (सीईओ-चटर पटर) और आरजे गौरव (मेंटर ऑफ चेंज-एआईएम नीति आयोग) उपस्थित रहे। समूह चर्चा का संचालन डॉ. पुनीत कुमार द्विवेदी (राष्ट्रीय सलाहकार- सविष्कार और मुख्य सलाहकार मॉडर्न इनक्यूबेटर-एमएसएमई, भारत सरकार समर्थित) ने किया। संगोष्ठी का बहुआयामी उद्देश्य क्षेत्र में सफल केस अध्ययन और सर्वोत्तम प्रथाओं का प्रदर्शन करना, आध्यात्मिकता और व्यवसाय के एकीकरण सहित स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं पर इसके सकारात्मक प्रभाव को उजागर करना भी है। कार्यक्रम में यश भार्गव, डॉ. धर्मेन्द्र मेहता, पीयूष सोनी एवं सविष्कार उज्जैन और सेंटर के अधिकारियों की गरिमामय उपस्थिति रही। सफल समन्वयन दीक्षा यादव एवं आदर्श ने किया। संचालन आदित्य यादव ने किया।

# प्रदेश में 15 अक्टूबर से पड़ेगी सर्दी

## ◆भोपाल, इंदौर, उज्जैन में रात का टेम्प्रेचर बढ़ेगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मध्यप्रदेश से सोमवार को दक्षिण-पश्चिम मानसून लौट गया। मौसम विभाग ने रीवा, सीधी, सिंगरौली, शहडोल, अनूपपुर, उमरिया, डिंडोरी, मंडला और बालाघाट जिलों से मानसून के विदा होने की घोषणा कर दी। वर्ष 2019 के बाद पहली बार मानसून 9 अक्टूबर को लौटा है।**

उत्तर भारत में सीजन का पहला वेस्टर्न डिस्टर्बेंस पहुंच गया है। इसकी वजह से पहाड़ी इलाकों समेत कुछ जगह बारिश हो सकती है। मध्यप्रदेश के भोपाल, इंदौर, उज्जैन समेत आसपास के इलाकों में भी इसका असर रहेगा। रात के तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक का इजाफा हो सकता है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि 15 अक्टूबर के बाद रात के टेम्प्रेचर में फिर गिरावट होगी। ग्वालियर-चंबल संभाग समेत छतरपुर जिले के नौगांव-खजुराहो और पचमढ़ी में अक्टूबर के अंत में रात का टेम्प्रेचर 10 डिग्री तक पहुंच सकता है। फिलहाल यहां रात का तापमान 15 से 17 डिग्री के बीच चल रहा है।

### ग्वालियर संभाग में दिन सबसे ज्यादा गर्म

अक्टूबर में दिन में गर्मी और रात में गुलाबी ठंड के असर का ट्रेंड है। इस बार भी ऐसा ही दिख रहा है। प्रदेश के कई शहरों में अभी दिन में तो गर्मी है, लेकिन रात में पारा 20 डिग्री के नीचे पहुंच गया है। दिन के तापमान की बात करें तो ग्वालियर संभाग प्रदेश में सबसे गर्म है। रविवार को ग्वालियर में तापमान 36.8 डिग्री सेल्सियस रहा। शिवपुरी, गुना में पारा 36 डिग्री के पार ही रहा।

भोपाल में दिन का तापमान 35.2 डिग्री तक पहुंचा, जबकि इंदौर में 34 डिग्री रहा। जबलपुर में 34.8, खजुराहो में 36.4 और सतना में तापमान 36 डिग्री रहा। पचमढ़ी में दिन का तापमान सबसे कम 29 डिग्री दर्ज किया गया।

मध्यप्रदेश से मानसून की विदाई आज हो सकती है। अभी जबलपुर, रीवा और शहडोल संभाग के 9 जिलों से मानसून विदा नहीं हुआ है। सबसे पहले मुरैना और श्योपुर से मानसून की विदाई हुई। इसके बाद इंदौर, ग्वालियर, उज्जैन, भिंड, दतिया, निवाड़ी, शिवपुरी, अशोकनगर, गुना, राजगढ़, शाजापुर, आगर, नीमच, मंदसौर, रतलाम, झाबुआ और धार जिलों से भी मानसून विदा हो गया।

भोपाल, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, सतना, कटनी, दमोह, सागर, जबलपुर, नरसिंहपुर, सिवनी, छिंदवाड़ा, विदिशा, रायसेन, सीहोर, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, देवास, खंडवा, बुरहानपुर, खरगोन, बड़वानी और अलीराजपुर जिलों से भी मानसून जा चुका है।

# कांग्रेस समर्थक सरपंच की गोली मारकर हत्या

## परिजनों ने आरोपियों का घर फूंका

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर**। ग्वालियर में कांग्रेस समर्थक सरपंच की गोली मारकर हत्या कर दी। वह कार से उतरे ही थे कि हमलावरों ने ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। उनके सिर में चार गोली लगी है। घटना लोको शेड इलाके में सोमवार दोपहर की है। ये पूरी घटना वहां लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। सरपंच की हत्या से नाराज परिजनों और ग्रामीणों ने आरोपियों के घर में आग लगा दी।

मृतक की पत्नी ने भाजपा के भितरवार विधानसभा सीट से प्रत्याशी मोहन सिंह राठौर पर हत्या की साजिश का आरोप लगाया है। वारदात का पता चलते ही पड़ाव पुलिस के साथ ही एसएसपी राजेश सिंह चंदेल, एएसपी अखिलेश रैनवाल, सीएसपी के साथ ही थाना प्रभारी इला टण्डन मौके पर पहुंचीं। गांव में अभी अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है।

विक्रम सोमवार सुबह कांति नगर में अपने वकील से मिलने खुद कार ड्राइव कर गए थे। कार से उतरकर उन्होंने पीछे वाली सीट का दरवाजा खोला और कुछ दस्तावेज निकालने लगे। वह कुछ समझ पाते तभी बाइक सवार दो बदमाश आए और उनपर ताबड़तोड़ गोलियां चला दीं। घटना का पता चलते ही पड़ाव थाना पुलिस सहित एसएसपी ग्वालियर राजेश सिंह चंदेल व अन्य अफसर मौके पर पहुंचे।

# वीडी शर्मा बोले-दिग्विजय सनातन विरोधियों के एंबेसडर

## पीएम को रावण बताने का प्रयास किया, दिग्गी बोले- तथ्यों के आधार पर कहा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। बड़ा दुर्भाग्य है, भारत के अंदर हिंदू विरोधी मानसिकता के एंबेसडर मिस्टर बंटाढार दिग्विजय सिंह ने पीएम नरेंद्र मोदी को रावण बताने का प्रयास किया है। देश की जनता जानती है कि रावण कौन है।**

यह कहना है प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा का। वे भाजपा के स्टेट मीडिया सेंटर में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को सनातन विरोधी मानसिकता का ब्रांड एंबेसडर बताया, और कहा- त्रेता युग में राम का विरोध रावण ने किया था। कलयुग में राम के अस्तित्व को कांग्रेस ने नकारा। दिग्विजय सिंह का नाम हिंदुओं का विरोध करने वालों में आता है। ऐसे लोग सनातन के मामले में चुप्पी साध लेते हैं। इसलिए रावण कौन है? यह सब जानते हैं।

### सनातन विरोधी राम में रावण देखेंगे

भगवान श्रीराम के अनुरूप प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सुशासन के साथ काम कर रहे हैं। जो सनातन विरोधी मानसिकता के लोग हैं, वे राम में रावण देखेंगे और श्रीकृष्ण में कंस। दिग्विजय सिंह सेना के पराक्रम को लेकर सवाल पूछते हैं। वे भारत के सबसे बड़े जयचंद हैं।

**दिग्विजय सिंह ने किया पलटवार-** पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह रविवार को भोपाल के गांधी भवन में पत्रकारों, लेखकों, संस्कृति कर्मियों के धरना-प्रदर्शन में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने वीडी शर्मा के बयान पर पलटवार किया। कहा- जो कहा तथ्यों के आधार पर कहा है। वे जब राहुल गांधी को रावण के रूप में दिखाते हैं, तो इसका क्या हम जवाब न दें। यह कोई नई बात नहीं है।

# सरकारी वेबसाइट्स से मुख्यमंत्री, मंत्रियों की तस्वीर हटाई

**भोपाल**। सोमवार को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मप्र चुनाव की आचार संहिता की घोषणा करते ही मध्य प्रदेश की सरकारी वेबसाइट से मुख्यमंत्री और मंत्रियों की तस्वीर और उनकी प्रोफाइल हटा दी है। वहीं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी आचार संहिता लागू होने के कारण बरगी दौरा निरस्त कर दिया है। जनसंपर्क विभाग ने मंत्री और मुख्यमंत्री से जुड़ी जानकारियां, आलेख और समाचार वेबसाइट से हटा दिए हैं। इसी तरह राज्य के समस्त विभागों ने भी अपनी -अपनी वेबसाइटों से मुख्यमंत्री या विभागीय मंत्री की तस्वीर लगे विज्ञापनों और प्रोफाइल हटाकर केवल विभागीय जानकारी के लिए सामग्री वेबसाइट पर सुरक्षित रखी है।

# लोन न चुकाने पर बैंक ने मकान में डाला ताला, सदमे में युवक की गई जान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छतरपुर**। छतरपुर में बैंक का लोन न चुका पाने के चलते बैंक ने एक मकान में ताला डालकर सील कर दिया। इसी बीच मकान मालिक चंद्रभान जैन की मौत हो गई। अब परिजन आरोप लगा रहे हैं कि उसकी बैंक की प्रताड़ना और मकान जाने के भय से उसकी मौत हुई है। कार्रवाई के बाद से मृतक ने खाना-पीना भी छोड़ दिया था।

परिजन मृतक की शवयात्रा और उसके शव को दूसरे घर से लेकर, उसके घर ले गए, जिसे कि बैंक वालों ने सील्ड किया था। वहां जाकर घर के अंतिम दर्शन कराए और शव को लेकर वह कलेक्ट्रेट पहुंचे जहां। उन्होंने शव को सड़क पर रखकर जाम लगा दिया। जिससे छतरपुर-सागर रोड रढ ऑफिस और कलेक्ट्रेट ऑफिस के सामने जाम लग गया। जिससे आवागमन बाधित हो गया और सड़क के दोनों ओर गाड़ियों की लंबी कतारें लग गईं इस जहम में एम्बुलेंस भी फंसी रहीं।

मामले में परिजनों ने अरजरिया को ज्ञापन देकर बैंक की ओर से मकान का ताला खुलवाए जाने और मृतक के अंतिम संस्कार और अन्य मृत्यु उपरांत सभी कार्यक्रम वहीं से कराए जाने की मांग की है।

# विधानसभा चुनाव लड़ने से किया इनकार

## ◆केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार बोले- मेरी विधानसभा चुनाव लड़ने की कोई इच्छा नहीं, कांग्रेस ने बताया घबराहट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**टीकमगढ़**। केंद्रीय मंत्री व टीकमगढ़ सांसद डॉ वीरेंद्र कुमार ने आगामी विधानसभा चुनाव लड़ने से साफ इनकार कर दिया है। उन्होंने कहा है कि मेरी विधानसभा चुनाव लड़ने की कोई इच्छा नहीं है। उनके इस बयान को कांग्रेस के नेता भाजपा की घबराहट बता रहे हैं।

दरअसल, भाजपा ने विधानसभा चुनाव की दूसरी सूची में 7 सांसदों को टिकट दिया है। साथ ही तीन केंद्रीय मंत्रियों को चुनावी मैदान में उतारा है। इसके बाद कयास लगाए जा रहे हैं कि भाजपा की आगामी सूची में केंद्रीय मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार का नाम भी शामिल हो सकता है।

इस मुद्दे को लेकर जब केंद्रीय मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि मेरी विधानसभा चुनाव लड़ने की कोई इच्छा नहीं है। पार्टी ने अभी जिन सांसदों और केंद्रीय मंत्रियों को टिकट दिए हैं, उसमें उनकी व्यक्तिगत इच्छा शामिल हो सकती है। फिलहाल मेरी विधानसभा चुनाव लड़ने की कोई मंशा नहीं है। इसके अलावा डॉक्टर वीरेंद्र कुमार ने कहा है कि भाजपा में पार्टी के वरिष्ठ नेता और संगठन सब कुछ तय करता है। आगे पार्टी और संगठन जो तय करेगा उसे देखा जाएगा। केंद्रीय मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार ने अपने इस फैसले से पार्टी के वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत करा दिया है। अब देखना होगा कि संगठन उनकी मंशा को लेकर क्या फैसला करती है।

**कांग्रेस ने बताया भाजपा नेताओं की घबराहट-** केंद्रीय मंत्री के चुनाव नहीं लड़ने के बयान पर कांग्रेस के पूर्व मंत्री यादवेंद्र सिंह बुंदेला ने तंज कसा है। उन्होंने कहा कि इस बार मध्य प्रदेश में कांग्रेस की लहर है। जिससे भाजपा के बड़े-बड़े नेता घबरा गए हैं। घबराहट के कारण ही केंद्रीय मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार चुनाव लड़ने से इनकार कर रहे हैं।

# 'सुधर जाओ SP-कलेक्टर, सरकार आने पर थाने में उल्टा लटका दूंगा', कांग्रेस नेता के बिगड़े बोल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भिंड। मध्यप्रदेश कांग्रेस के नेता फूल सिंह बरैया अपने विवादित बयानों के लिए जाने जाते हैं। सोमवार को फिर उनके बिगड़े बोल सामने आए हैं। बरैया ने भिंड के अटेर के मंच से प्रदेश के एसपी-कलेक्टर को नसीहत दी है कि जनता पर अत्याचार करने वाले अधिकारी सुधार जाएं नहीं तो थाने में उल्टा लटका देंगे।**



बता दें कि भिंड के अटेर में सोमवार को कांग्रेस की संविधान बचाओ यात्रा निकली। इसमें पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा और कांग्रेस नेता फूल सिंह बरैया भी शामिल हुए। बरैया यहां जनसभा को संबोधित कर रहे थे। यह सभा क्षेत्र से टिकट की दावेदारी कर रहे पूर्व विधायक हेमंत कटारे ने आयोजित कराई थी। एक तरफ़ टिकट फाइनल होने से पहले हज़ारों की भीड़ इकट्ठा कर कटारे ने नेताओं को अपनी दमदारी दिखाई तो वहीं दूसरी ओर कार्यक्रम में शामिल हुए फूल सिंह बरैया एक बार फिर अपने बयानों को लेकर चर्चा में आ गए हैं।

### बसपा को वोट न देने का कहा

बरैया ने लोगों से बसपा को चुनाव में वोट ना देते हुए कांग्रेस को वोट करने की अपील की है। बरैया का कहना था कि बहुजन समाजवादी पार्टी को वोट देकर भाजपा को नहीं हराया जा सकता है। वे वोट व्यर्थ हो जाएंगे, इसके लिए सभी को कांग्रेस के हक में मतदान करना होगा। वहीं उन्होंने आम आदमी पार्टी पर भी तंज कसते हुए कह दिया कि एमपी में इस बार अपने वोट काटने के लिए 'आप' भी मैदान में है। उनके वोट भाजपा को फायदा पहुचाएंगे। ऐसे में सोच समझ कर लोग मतदान करें।

### शिवराज पर साधा निशाना

फूल सिंह बरैया ने भाजपा की सरकार में यहां लाड़ली बहना कहते हैं वहीं मणिपुर में बहनों को नग्न कर घुमाते हैं। उन्होंने प्रदेश में शिवराज और केंद्र में मोदी को मामा कहते हुए निशाना साधा कि इन बहनों पर इस तरह का अत्याचार हो रहा है और वे देख रहे हैं ये कायर भाई। वहीं उन्होंने आगे कहा कि फूल सिंह कहता है कि हमारी बहनों की तरफ कोई कंकड़ भी फेंका तो खोपड़ा उड़ा दिया जाएगा। जिस दिन सरकार हमारी बन गई उस दिन बहनों पर कंकड़ फेकने वालों की ख़ैर नहीं होगी, उनका पता नहीं चलेगा के वे कहां गए।

### लिखकर रखो नाम, सरकार आने पर देखेंगे

फूल सिंह बरैया ने एसपी कलेक्टर तक को चेतावनी दे डाली है। उन्होंने कहा कि पुलिस सरकार की नौकर होती है जो वे कहते हैं पुलिस वही करती है। अब पुलिस के अधिकारी, कलेक्टर, एसपी ये जान लें कि अभी समय है, जो अत्याचार यहां की भोली भली जनता पर किए हैं उनकी माफी मांग लें और अपने आप को सुधार लें। नहीं तो थाने में उल्टा लटका देंगे। एक भी थाना, चाहे एसपी आए, कलेक्टर आए एक भी नहीं बचेगा। कुछ ही दिन की बात है आप गिन लो उंगलियों पर। कोई गाली भी दे रहा है तो लिखकर रख लो उसका नाम क्योंकि गाली का भी बदला लेना चाहिए। पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने अपने भाषण में अटेर की जनता को हेमंत कटारे की टिकट दावेदारी पक्की होने की बात कही। उन्होंने बताया कि रावतपुरा सरकार और पंडोखर सरकार दोनों से बात हुई उन्होंने बताया कि हेमंत को जीत का आशीर्वाद दिया है तो अब किसकी जरूरत है। जब संतों ने आशीर्वाद दे दिया है तो अब और क्या बचा है।

## संपादकीय

# कोई ठोस पहलकदमी नहीं

इजराइल की नीतियों और कई बार आक्रामक फैसलों को लेकर फिलस्तीन के विद्रोही गुट हमास की ओर से आक्रामक प्रतिवाद किया जाता है। विडंबना यह है कि इस मसले को हल करने या शांति के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कोई ठोस पहलकदमी नहीं देखी जाती है। इसलिए हमास के हमले और उसके जवाब में इजराइल की प्रतिक्रिया का नतीजा क्या निकलना है, यह समझा जा सकता है। यह छिपा नहीं है कि रूस-यूक्रेन युद्ध के नतीजे में केवल प्रभावित इलाकों के नागरिक ही मुश्किल में नहीं है, बल्कि अनाज की आपूर्ति से लेकर अन्य संबंधित मामलों और कारोबार पर भी इसका असर पड़ा है। गाजा पट्टी की ओर से शनिवार को किए गए हमास के राकेट हमले के बाद उस समूचे इलाके में पहले से जटिल हालात और ज्यादा बिगड़ गए। अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को इसे ह्यजंग की स्थितिह्न कहना पड़ा। उन्होंने यहां तक कहा कि हमारे दुश्मनों को इसकी ऐसी कीमत चुकानी होगी, जिसके बारे में उनको पता भी नहीं होगा।दूसरी ओर, हमास के एक नेता ने भी कहा कि ह्यअब बहुत हो चुकाह्न। यानी एक तरह से हमास और इजराइल के बीच खुले युद्ध का एलान हो गया है और अब नहीं चाहने के बावजूद दुनिया के सामने एक और ऐसी त्रासदी को देखने की नौबत आ गई है, जिसमें आखिरी खमियाजा आम लोगों को ही भुगतना पड़ता है। ताजा हमले के बाद हमास ने दावा किया कि उसने बीस मिनट के भीतर इजराइल पर पांच हजार राकेट दागे। इसके अलावा, हमास के कई आतंकी भी इजराइली सीमा के भीतर दाखिल हो गए और उन्होंने वहां के कई सैनिकों को पकड़ने का भी दावा किया। दोनों तरफ जान-माल का अच्छा खासा नुकसान हुआ है। साथ ही हिज्बुल्ला के भी मैदान में कूद पड़ने से नए समीकरण उभरने के संकेत हैं। इजराइल और हमास के बीच टकराव से इस बार न केवल उस समूचे क्षेत्र में तस्वीर ज्यादा बिगड़ने की आशंका है, बल्कि इसका अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी असर पड़ सकता है। दरअसल, पहले दिन ही फ्रांस, जर्मनी और यूरोपीय संघ ने जहां हमास के हमलों की निंदा की, वहीं ईरान की ओर से हमास का समर्थन करने की खबरें आईं।यानी इस मसले पर अभी से खेमे बनने शुरू हो गए हैं और कहना मुश्किल है कि ताजा घटनाक्रम कौन-सी दिशा अख्तियार करेगा। इसलिए स्वाभाविक ही इजराइल में भारतीय दूतावास ने कहा कि मौजूदा हालात को देखते हुए वहां रह रहे भारतीय सतर्क रहें और स्थानीय प्रशासन की ओर से दिए जा रहे दिशानिर्देशों का पालन करें। इस बार हमास के तेज हमले और उसके प्रति इजराइल की प्रतिक्रिया में जिस स्तर का तीखापन देखा जा रहा है, उसमें हालात तुरंत संभलने की उम्मीद कम ही है।

**Quote...**

"Tell me and I forget. Teach me and I remember. Involve me and I learn."

-Benjamin Franklin

//बापू//
MORARI BAPU



सत्य-प्रेम-करुणा...

जिसे कुछ भी नहीं चाहिए... उसे मिलने में कुछ बाकी नहीं रहता... यह नियम है....

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

**Health is Wealth**

# डिप्रेशन से छुटकारा दिलाने में दवाओं जितना असरदार है दौड़ना, शोध में दावा

दुनिया भर में हर साल 10 अक्टूबर को वर्ल्ड मेंटल हेल्थ डे मनाया जाता है। विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस हर साल वैश्विक स्तर पर बढ़ते मानसिक रोगों के बारे में लोगों को जागरूक करने और इससे बचाव को लेकर शिक्षित करने के उद्देश्य से मनाया जाता है। बता दें, हाल ही में हुए शोध से पता चला है कि नियमित रूप से दौड़ने से अवसाद में राहत मिल सकती है। मानसिक स्वास्थ्य के लिए दौड़ना अवसादरोधी दवाओं जितना ही प्रभावी है। एम्स्टर्डम स्थित व्रीजे विश्वविद्यालय के एक शोध में यह जानकारी सामने आई है।

शोधकर्ता प्रोफेसर ब्रेंडा पेनिनक्स ने कहा, 'हमने पाया कि जिन मरीजों ने नियमित रूप से दौड़ को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाया, उनमें 16 सप्ताह के बाद अवसाद में उतनी ही कमी आई, जितनी दवाइयां लेने वाले मरीजों में आती है'। इन मरीजों को न सिर्फ मानसिक लाभ मिला बल्कि उनके मोटापे में भी कमी आई। दौड़ने से उनके हृदय गति में भी सुधार हुआ और शरीर भी फिट रहा। इनके विपरीत जिन अवसाद रोगियों को दवा दी गई उनको शारीरिक रूप से कोई लाभ नहीं मिला।

## कैसे हुआ अध्ययन

वैज्ञानिकों ने अवसाद से ग्रस्त 141 रोगियों पर यह अध्ययन किया। इनमें से 45 लोगों ने अवसादरोधी दवाओं का चुनाव किया, जबकि अन्य ने व्यायाम के रूप 16 सप्ताह तक नियमित रूप से दौड़ने का फैसला लिया। अंत में दोनों समूहों में कुल 44 फीसदी ने अवसाद से राहत की बात कबूल की पर दौड़ने वालों ने शारीरिक रूप से भी खुद को फिट बताया। दौड़ने वाले समूह के प्रतिभागियों ने अवसाद के लक्षणों में सुधार के साथ वजन, कमर की चर्बी, रक्तचाप और हृदय कार्यों में भी सुधार का अनुभव किया। शोधकर्ता कहते हैं, मानसिक स्वास्थ्य को ठीक रखने में इस तरह की शारीरिक समस्याओं पर भी गंभीरता से ध्यान दिया जाना चाहिए। इस आधार पर कहा जा सकता है कि जिस समूह ने दौड़ का विकल्प चुना उन्हें अधिक लाभ प्राप्त हुआ।



## दौड़ से कैसे दूर होता है डिप्रेशन

### 1. हैप्पी हॉर्मोन का निर्माण

शोधार्थियों ने कहा, प्रतिदिन दौड़ने से शरीर में हैप्पी हॉर्मोन जैसे सेरोटोनिन और डोपामाइन का निर्माण होता है। दौड़ने से शरीर में कोर्टिसोल लेवल कम होता है, अवसाद बढ़ाने वाला हॉर्मोन होता है।

### 2. नकारात्मक ख्याल दूर होते हैं

दौड़ने से शरीर में बनने वाले अन्य हॉर्मोन जैसे एंडॉर्फिन और ग्लूटामेट मस्तिष्क में उत्पन्न होने वाले नकारात्मक ख्यालों को बाहर निकालने में मदद करते हैं। ऐसे में प्रतिदिन दौड़ने के अभ्यास से मन अच्छा रहता है।

### 3. नींद बेहतर हुई

तनाव और अवसाद के कारण कई बार गहरी और अच्छी नींद नहीं आती है। प्रतिदिन दौड़ लगाने से शरीर मस्तिष्क को आराम करने के संकेत देता है। ये संकेत अवसाद पर भारी पड़ते हैं और नींद में सुधार आता है।

### 4. वजन कम हुआ

नियमित रूप से दौड़ने से वजन कम होता है, जिससे पर्सनैलिटी बेहतर होती है। अवसाद रोगियों के लिए यह सकारात्मक साबित होता है। अच्छा दिखने से उनके मन से नकारात्मक विचार खत्म होने लगते हैं और अवसाद से छुटकारा मिलता है।

### क्या है अवसाद

अवसाद को मानसिक स्वास्थ्य की गंभीर समस्या के तौर पर जाना जाता है। ये गंभीर चिकित्सीय बीमारी है, जो आपके स्थितियों को महसूस करने के तरीके, सोचने और आपके कार्य करने के तरीके को नकारात्मक रूप से प्रभावित करती है। अवसाद में उदासी की भावना बढ़ जाती है और आप उन गतिविधियों में रुचि खो सकते हैं जिनका आप पहले आनंद लेते थे। समस्या का बढ़ना आत्महत्या के विचारों को भी बढ़ाने वाली हो सकती है। इसमें मनोचिकित्सक के सलाह की आवश्यकता होती है।

### क्या कहते हैं आंकड़े?

1. दुनियाभर में वर्ष 2019 में 28 करोड़ मरीज थे
2. इनमें से 2.3 करोड़ मरीज बच्चे थे
3. 14 की उम्र से मानसिक विकारों से गुजरने लगते हैं लोग

### क्या हैं लक्षण

1. लगातार दुखी रहना
2. कार्यों में रुचि घटना
3. वजन ज्यादा या कम हो जाना
4. भूख बढ़ या कम हो जाना
5. अनिद्रा या अत्यधिक नींद
6. थकान या ऊर्जा की कमी
7. ध्यान केंद्रित करने या निर्णय लेने में कठिनाई
8. मौत की या आत्महत्या के विचार

New Delhi

# नोएडा में आधी रात को क्यों बवाल, दो समुदायों में खूब चले लाठी-डंडे और धारदार हथियार; तनाव के बाद फोर्स तैनात

**नोएडा, (एजेंसी)** नोएडा के सलारपुर गांव में रविवार रात कार और बाइक टकराने से दो समुदाय के लोगों में विवाद हो गया। मामला बढ़ने पर दोनों पक्ष के 40 से अधिक लोगों में मारपीट शुरू हो गई और जमकर लाठी-डंडे चले। इस दौरान कई लोग घायल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों के 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। अन्य की तलाश की जा रही। गांव में तनाव के मद्देनजर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात है।

पुलिस के मुताबिक रात करीब साढ़े दस बजे पंकज अपनी कार से जा रहा था। इस दौरान एक संकरी गली में इंतजार की बाइक कार से भिड़ गई। इस बात को लेकर पंकज और इंतजार के बीच कहासुनी होने लगी। कहासुनी ने थोड़ी ही देर में बड़े विवाद का रूप ले लिया। झगड़े की जानकारी मिलने पर दोनों पक्षों के लोग मौके पर आ गए और बहस शुरू हो गई। इस दौरान कुछ



लोगों के बीच गाली गलौज हुई, जिसके बाद दोनों पक्षों में मारपीट होने लगी। मारपीट के दौरान दोनों पक्षों के लोगों के बीच जमकर लाठी-डंडे और धारदार हथियार चले। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने वीडियो भी बनाया। रात 12 बजे तक घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा रही। दो पक्षों के लोगों के बीच विवाद बढ़ता देखकर गांव में हड़कंप मच गया। झगड़े की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची सेक्टर-39 पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित कर घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। दोनों पक्षों के खिलाफ जानलेवा हमला करने सहित विभिन्न गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने एक पक्ष के इंतजार, राशिद, वासिफ और रसीद समेत पांच जबकि दूसरे पक्ष से पंकज भाटी, तरुण भाटी और यश भाटी समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया। एडीसीपी ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए गांव में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है।

New Delhi

## एक और आप विधायक पर ईडी का शिकंजा, दिल्ली में अमानतुल्ला खान के घर छापेमारी की कार्रवाई

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आम आदमी पार्टी के विधायकों की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। मंगलवार की सुबह-सुबह एक और विधायक के घर ईडी की टीम पहुंची है और जांच कर रही है। सूत्रों से यह जानकारी मिली है।

न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, मंगलवार की सुबह आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान के परिसरों पर प्रवर्तन निदेशालय ने छापा मारा है। खान के ठिकानों पर ईडी की कार्रवाई चल रही है।

गौरतलब है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने आप विधायक अमानतुल्लाह के खिलाफ दिल्ली वक्फ बोर्ड के कामकाज में वित्तीय हेराफेरी और अन्य अनियमितताओं से जुड़े मामले केस दर्ज कराया था। इसी मामले में ईडी ने अमानतुल्लाह के खिलाफ कार्रवाई की है। अमानतुल्ला खान पर आरोप है कि दिल्ली वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में काम करते हुए उन्होंने 32 लोगों को नियमों का उल्लंघन करते हुए भर्ती किया था। आरोप था कि दिल्ली वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में आप विधायक ने भ्रष्टाचार और पक्षपात किया था।

Jammu

## शोपियां में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़, दो आतंकी ढेर

**श्रीनगर, (एजेंसी)** शोपियां के अलशिपोरा इलाके में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई है। मुठभेड़ में दो आतंकियों के मारे जाने की खबर है। कश्मीर पुलिस ने इसकी जानकारी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर दी है।

पुलिस के मुताबिक, मारे गए आतंकवादियों की पहचान आतंकी संगठन लश्कर के मोरीफत मकबूल और जाजिम फारूक उर्फ अबरार के रूप में हुई है। आतंकवादी अबरार कश्मीरी पंडित संजय शर्मा की हत्या में शामिल था। इससे पहले कुलगाम जिले के कुज्जर इलाके में बुधवार को सुरक्षाबलों ने एक घर में छिपे दो आतंकियों को मार गिराया था। मारे गए आतंकियों की शिनाख्त बासित अमीन भट और फैसल साकिब अहमद लोन के रूप में हुई।

Bihar

## शराबबंदी का सच: दारू लदी लग्जरी कार को खदेड़ रही पुलिस जीप गड्ढे में गिरी, दारोगा समेत पांच गंभीर रूप से जख्मी

**छपरा, (एजेंसी)** शराबबंदी वाले बिहार में माफिया धंधा बंद करने का नाम नहीं ले रहे। छपरा में एक शराब लदी कार को पकड़ने की कोशिश में पांच पुलिस वाले बाल बाल बचे। उनकी जीप पलट गई जिसमें दारोगा समेत पांच पुलिसकर्मी गंभीर रूप से जख्मी हो गए। सीएम नीतीश कुमार की सरकार ने बिहार में पूर्ण शराबबंदी कानून लागू कर रखा है। इसके तहत शराब बनाना, रखना, बेचना, लाना-ले जाना, पीना और पिलाना सब गैरकानूनी है। सारण के माँझी के नरपलिया के समीप यह घटना घटी। जानकारी के मुताबिक खड़ी माँझी थाना के गश्ती वाहन ने सामने से भाग रहे संदिग्ध वाहन को खदेड़ा। तेज गती से गाड़ी भगाने के कारण बरेजा के समीप अनियंत्रित होकर गश्ती वाहन गहरे खड्डे में गिरी। उक्त दुर्घटना के समय गाड़ी ड्राइवर समेत पांच पुलिस वाले सवार थे। घटना में माँझी थाने में पदस्थापित एसआई बीरेन्द्र राम, चालक डीएपी कौशल कुमार, नीतू कुमारी सिपाही, बन्दना कुमारी सिपाही, तथा रूपम कुमारी सिपाही सड़क बुरी तरह जख्मी हो गए। माँझी सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद सभी जख्मी चिंताजनक स्थिति में छपरा रेफर कर दिया गया है।

खेल

# शुभमन गिल प्लेटलेट कम होने के बाद अस्पताल में भर्ती, पाकिस्तान के खिलाफ खेलना मुश्किल

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** वनडे विश्व कप 2023 में टीम इंडिया ने पहला मैच भले ही जीत लिया हो, लेकिन भारतीय टीम की परेशानियां कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। अहम मौकों पर भारत का शीर्ष क्रम फेल होता रहा है और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच में भी ऐसा ही हुआ। वहीं, टीम के स्टार ओपनर शुभमन गिल अब तक मैच खेलने के लिए फिट नहीं हुए हैं। गिल डेंगू से पीड़ित हैं और उनके खून में प्लेटलेट की कमी हो गई थी। इसके बाद उन्हें चेन्नई के कावेरी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ऐसे में पाकिस्तान के खिलाफ मैच में भी गिल के खेलने की संभावना बेहद कम है।




विश्व कप में टीम इंडिया के अभियान की शुरुआत से ठीक पहले गिल की तबीयत खराब हुई। वह डेंगू से संक्रमित हुए और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच में नहीं खेल पाए। अब मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि गिल को चेन्नई के कावेरी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, क्योंकि उनके खून में प्लेटलेट की कमी हो गई थी। अगर ऐसा है तो पाकिस्तान के खिलाफ मैच में भी गिल का खेलना मुश्किल है।

एक अन्य रिपोर्ट में दावा किया गया है कि गिल का प्लेटलेट काउंट 1,00,000 से कम हो जाने के बाद आठ अक्तूबर को उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अगली सुबह ही उन्हें छुट्टी दे दी गई। इसके बाद से वह होटल में हैं और लगातार उनकी तबीयत में सुधार हो रहा है।

डेंगू से उबरने में आमतौर पर 7-10 दिन लगते हैं, लेकिन इसके बाद गिल के सामने असली चुनौती मैच फिट होने की होगी। हालांकि, 19 अक्तूबर को होने वाले भारत-बांग्लादेश मैच तक वह आसानी से फिट हो सकते हैं। 11 अक्तूबर को अफगानिस्तान और 14 को पाकिस्तान के खिलाफ मैच में गिल का खेलना मुश्किल है। अगर इन दोनों मैच में ईशान किशन अच्छा प्रदर्शन करते हैं और टीम इंडिया जीत हासिल करने में सफल रहती है तो गिल के लिए प्लेइंग-11 में फिर से जगह बनाना भी मुश्किल हो सकता है।

गिल को अधूरी फिटनेस के साथ प्लेइंग 11 में शामिल करने का जोखिम रोहित शर्मा नहीं लेना चाहेंगे। क्योंकि, विश्व कप लंबा टूर्नामेंट है और वह उमस भरी गर्मी में 100 ओवर का मैच खेलना किसी भी खिलाड़ी के लिए आसान नहीं होता है। खासकर गिल जैसे खिलाड़ी के लिए, जो 50 ओवर फील्डिंग करने के साथ लंबी पारी खेलते हैं और कई बार 80-90 ओवर तक मैदान में रहते हैं।

सिनेमा

## 'मिल रही है जान की धमकी', लिखित शिकायत के बाद महाराष्ट्र सरकार ने शाहरुख को दी Y+ सुरक्षा



बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान को लेकर एक बड़ी खबर सामने आई है. शाहरुख की सेफ्टी को देखते हुए उनकी सुरक्षा बढ़ा दी गई है. किंग खान को अब Y + सिक्योरिटी दी जाएगी. दरअसल, शाहरुख खान ने 2023 में बॉक्स ऑफिस पर अपनी फिल्मों से गर्दा उड़ा दिया. एक्टर ने 'जवान' और 'पठान' जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों की सौगात दी. बड़ी बॉक्स ऑफिस पारी के बाद शाहरुख को थ्रेट कॉल आ रहे थे, जिसे देखते हुए महाराष्ट्र सरकार ने शाहरुख खान की सुरक्षा बढ़ाने का फैसला लिया है. दरअसल, शाहरुख ने राज्य सरकार को एक लिखित शिकायत दी थी कि उनकी फिल्म पठान और जवान की सफलता के बाद से ही उन्हें लाइफ थ्रेट के काल आ रहे हैं. ऐसे में राज्य सरकार शाहरुख की सेफ्टी के साथ कोई लापरवाही नहीं करना चाहती. राज्य सरकार ने किंग खान की सुरक्षा के लिए IG VIP सिक्योरिटी का आदेश दिया है. उन्होंने कहा कि शाहरुख की सुरक्षा व्यवस्था को अपग्रेड किया जाए.शाहरुख को अब से Y+ सिक्योरिटी दी जाएगी. हालांकि, ये पेड सुरक्षा है. अपनी सिक्योरिटी का खर्च शाहरुख खुद उठाएंगे. इसका भुगतान शाहरुख को सरकार को करना पड़ेगा.

## Highlights

1. Congress extends support for Palestinians in resolution amid Israel-Hamas war
2. Video of man being burnt in Manipur surfaces, govt says 'linked to women paraded naked'
3. 'The Vaccine War' exposes conspiracies against India: UP CM Yogi
4. 'The Vaccine War' exposes conspiracies against India: UP CM Yogi
5. Part of bridge being built at cost of ₹8 crore collapses in Ballia
6. Terrorist behind Kashmiri Pandit's murder among 2 killed in J&K

# Adani Group flags 'renewed' attempts to 'financially destabilise' conglomerate, names British newspaper, George Soros

**NEW DElHI, (Agency).** Adani Group on Monday flagged what it called "renewed" attempts by the British newspaper Financial Times to "rehash old and baseless allegations" against the conglomerate. Accusing the newspaper of running a relentless campaign against Gautam Adani-owned group of companies to "advance vested interests under the guise of public interest", it claimed the media house was planning a story "on over-invoicing of coal imports" with the aim of financially destabilising one of India's largest companies.

"Having failed earlier, the FT is making another effort to financially destabilise the Adani Group by raking up an old, baseless allegation of over-invoicing of coal imports," Adani Group wrote in a media statement.

We're now on WhatsApp. Click to join.

"There is a renewed attempt by the Financial Times and its collaborators



to rehash old and baseless allegations to tarnish the name and standing of the Adani Group. This is part of their extended campaign to advance vested interests under the guise of public interest," it added.

Adani Group described the proposed story as "the next attack" fronted by the Financial Times journalist, Dan McCrum, "who jointly with the OCCRP put out a false narrative against the Adani Group on 31 August 2023."

McCrum and John Reed, on the said date, reported that two men allegedly linked to Gautam Adani's brother Vinod Adani were using Bermuda's Global Opportunities Fund "to amass and trade large positions in shares of the Adani Group". They identified the two men as Nasser Ali Shaban Ahli from the United Arab Emirates and Chang Chung-Ling from Taiwan. They alleged that their investments were overseen by a Vinod Adani employee, "raising questions over whether they were front men used to bypass rules for Indian companies that prevent share price manipulation".

# Swiggy brings ₹99 plan: 10 free food deliveries, exclusive discounts, Details

**NEW DElHI, (Agency).** Swiggy, the food delivery platform, has introduced an affordable membership plan, named “Swiggy One Lite”. Priced at just ₹99 for a three-month subscription, Swiggy One Lite caters to a wide array of user needs, spanning food delivery, grocery shopping, as well as pick-up and drop services.

What does Swiggy One Lite offer?

The Swiggy One Lite subscrip-



tion boasts an array of enticing benefits designed to incentivise customers to opt for it. Subscribers are entitled to 10 free food deliveries for orders exceeding ₹149, in addition to 10 complimentary Instamart deliveries, each valued at up to ₹199. Furthermore, members gain access to exclusive discounts, enabling them to save up to 30% at over 20,000 participating restaurants, alongside their regular promotions.

We're now on WhatsApp. Click to join.

In a bid to make the deal even more lucrative, Swiggy One Lite members enjoy a 10% discount on Swiggy Genie deliveries for orders exceeding ₹60.

How beneficial is Swiggy One Lite?

Those who opt for Swiggy One Lite stand to reap substantial returns, with the potential for at least a sixfold increase in value as they take advantage of the membership's benefits within the Instamart and Genie services, the company claims.

# कुक का अपहरण कर चाकू मारा

## ◆आईटीआई चौराहे पर ले जाकर घायल किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। हीरा नगर इलाके में रात में कुक का अपहरण कर पांच बदमाशों ने उस पर चाकू से हमला कर दिया। आरोपी उसे आईटीआई चौराहे के पास बेसुध छोडक़र भाग गए। यहां लोगों ने उसे उठाया। रात में उपचार के लिये एमवाय अस्पताल भेजा। बताया जाता है कि अपहरणकर्ताओं से कुक का पुरानी रंजिश चली आ रही है। उसने पहले भी आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कराया। युवक का जहां अपहरण हुआ और जिस जगह हमला किया उसके बीच रात में पुलिस का चैकिंग पाइंट लगा था।**

हीरानगर इलाके के गौरीनगर में रहने वाले सतीश (32) पुत्र हरिशंकर चौहान को सोनू चौरसिया और उसके साथियों ने चाकू मारकर घायल कर दिया। सतीश ने बातचीत में बताया कि रात में करीब साढ़े आठ बजे के लगभग सोनू ओर उसके चार अन्य साथी दो बाइक से इलाके में पहुंचे। वह पैदल जा रहा था। इस दौरान चाकू अड़ाकर उसे बाइक पर बैठा लिया। वही आईटीआई चौराहे के पास ले गए और यहां मारपीट करते हुए उसे चाकू मार दिए। इसके बाद वह बेहोश हो गया। बाद में कुछ राहगीरों ने उसके मुंह पर पानी डाला। होश में आने के बाद कॉल कर परिवार को जानकारी दी। इधर सतीश को उपचार के लिये अस्पताल भेजा।

### पूर्व में की थी शिकायत

सतीश ने बताया कि आरोपियों से पहले की रजिंश चली आ रही है। पहले भी शिकायत की जा चुकी है। इस मामले में वह राजीनामे को लेकर धमका रहे थे। बताया जाता है कि गौरीनगर से जब आरोपी सतीश का अपहरण कर बाइक पर आईटीआई तक ले गए। तब बापट चौराहे पर हीरानगर पुलिस चैकिंग पाईंट लगाकर गुंडे बदमाशों की धरपकड़ कर रही थी।

# महिला ने किया सुसाइड

## महेश्वर से तीन माह पहले ही इंदौर आया था परिवार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। कनाडिय़ा इलाके में रहने वाली एक महिला ने फांसी लगाकर जान दे दी। परिवार के लोगों ने बताया कि महिला ने अपने भाई से कॉल पर बात की। इसके बाद फांसी लगा ली। महिला के बच्चे घर के बाहर थे। पुलिस के मुताबिक मामले में मंगलवार को पोस्टमार्टम होगा। इसके बाद महिला के मायके पक्ष के लोगों से बात की जाएगी।**

कनाडिय़ा पुलिस के मुताबिक सोनाली (37) मिलिंद इंगले निवासी सूर्यदेव नगर ने अपने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस ने बताया कि सोनाली के परिवार के लोगों ने बताया कि कुछ समय पहले उसकी मोबाइल पर भाई से बात हुई। इसके बाद उसने कमरे में जाकर अपनी जान दे दी। बच्चों ने उसे देखा तो पति मिलिंद को कॉल कर जानकारी दी। इसके बाद परिवार के लोग मौके पर पहुंचे। परिवार के लोगों के मुताबिक सोनाली के दो बच्चे हैं। दोनो की शादी को करीब 14 साल हो गए। पति होस्टल में जॉब करते है। तीन माह पहले ही ट्रांसफर होने के चलते महेश्वर से इंदौर रहने आए। इसके बाद से दोनों यहीं रह रहे थे। परिवार के बयान के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

# ऑटो चालक की संदिग्ध मौत

इंदौर। ऑटो चालक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बताया जाता है कि पेट में अचानक दर्द उठा। उन्हें लगा कि गैस हो रही है। ईनो लाकर पीया कुछ देर बार गश खाकर गिर पड़े परिवार के लोग रविवार को उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचे। लेकिन यहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। हालांकि डॉक्टरों का कहना है कि सीने में जलन के ऐसे कई मामलों में कार्डियक अरेस्ट होता है, लोगों को लगता है कि गैस है, ऐसे में वे गैस या ऐसिडिटी का इलाज कराते हैं। यदि ऐसे में मरीजों को समय पर सही उपचार मिल जाए तो उनकी जान बच सकती है।

रावजी बाजार पुलिस के मुताबिक किशोर (30) पुत्र सीताराम वर्मा निवासी लुनियापुरा को उनकी भतीजी रविवार को एमवाय अस्पताल लेकर पहुंची। तब यहां डॉक्टरों ने चेक अप के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। रिश्तेदारों ने बताया किशोर को पेट में अचानक दर्द हुआ। उसे लगा गैस के कारण पेट दर्द हो रहा है।

जब उन्होंने दुकान से ईनो लाकर पीया तो वह गश खाकर गिर गया। परिवार के लोग घबरा गए और सीधे एमवाय अस्पताल लेकर आए। लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। किशोर पेशे से ऑटो चालक है किशोर ने शादी नहीं की थी। परिवार में बड़े भाई की पहले ही मौत हो चुकी है। किशोर ही परिवार की देखरेख करता था।

### ईनो पीने के बाद होने वाली यह एक माह में तीसरी मौत

आजाद नगर में बंगाली कारीगर ईस्माइल शेख की भी कुछ दिन पहले पेट दर्द के बाद ईनो पीने से मौत हो गई थी। उसकी भी काम से आने के बाद अचानक तबीयत बिगड़ी थी। इसी थाना इलाके में प्रॉपर्टी ब्रोकर की भी अपनी गर्लफ्रेंड के यहां संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। पेट दर्द के बाद इस तरह की मौत का यह तीसरा मामला है।

### युवक ने लगाई फांसी

**इंदौर।** राऊ इलाके में रहने वाले देशराज (28) पुत्र कन्चू निवासी सांई नाथ कॉलोनी ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिवार शव को लेकर सीधा अस्पताल पहुंचा। इधर पुलिस को सूचना की गई है। पुलिस के मुताबिक पोस्टमार्टम के दौरान परिवार के बयान के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

### शराब के लिए पत्थर बरसाए

**इंदौर।** विजय नगर इलाके में फूलों की दुकान पर पहुंचे दो बदमाशों ने शराब पीने के लिए पैसे मांगे। पैसा नहीं मिलने पर दुकान में तोड़फोड़ की है। विजयनगर थाने में फरियादी गोवर्धन लिंबोदिया निवासी नंदा नगर की शिकायत पर पुष्पेंद्र और उसके साथी के खिलाफ केस दर्ज किया।

# नशे के लिए बहन को पीटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर** । नशेड़ी ने नशा करने के लिए घर में पैसा मांगा ,बहन ने विरोध किया तो आरोपी ने उसे ही जमकर पीट डाला। मामला तिलक नगर थाना इलाके के आईडिया मल्टी स्कीम नंबर 140 का है। फरियादी अलीना खान पिता फैजल की शिकायत पर उसके भाई राजा उर्फ सोहेल के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। एलिना ने पुलिस को बताया कि उसका बड़ा भाई नशे का आदी है। आए दिन घर में पैसों के लिए विवाद करता है। कल भी उसने पैसे मांगे। एलिना ने विरोध किया तो आरोपी ने घर में बर्तन इधर-उधर फेंकना शुरू कर दिया। इतना ही नहीं अलीना का गला दबाया और उसके साथ मारपीट की इसके बाद आरोपी धमकाते हुए भाग निकला।

# बंगलादेशी घुसपेठी नाम बदलकर मांग रहा था भीख

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **इंदौर में बड़ी मात्रा में पनप रहे बंग्लादेशी घुसपेठी जो हिंदू क्षेत्रों में नाम बदलकर मांगते है भीख और करते हे हिंदू घरों की रिकवरी बजरंगियों ने पकड़ा और सख्ती की पूछताछ तो चकमा देकर हुआ फरार।**

आज दोपहर बजरंग दल मालवा प्रांत बलो उपासना प्रमुख तन्नू शर्मा के पास 51 नंबर स्कीम छेत्र के इस्थानी लोगो के द्वारा सूचना प्राप्त हुई की कुछ मुस्लिम लोग हिंदू बनकर एक मुस्लिम महिला को बीमारी का नाटक बनाकर हमारे ग्रह छेत्र में साउंड लगाकर भीख मांग रहे हे और हिंदू घरों में पर नजर भी गड़ाए हुवे हे जिस पर 51 नंबर स्कीम के बजरंगी लखन जी भोसले को बताए हुवे पते पर भेजा और सत्यता पता करने को कहा । जहा बजरंगियों वीडियो बनाकर पहले बंगला देशी मुस्लिम लोगो से उनका नाम पूछा तो विजय बताने लगे और महिला का नाम पूछा तो बरगलाने लगे जब उनसे हिंदू होने का परिचय मांगा ना तो वह अपनी ्र आिधार कार्ड बता पाए और नाही भगवान श्री राम के पिता का नाम और गायत्री मंत्र बता पाए जब उन्हें सख्ती से पूछताछ की और उन्हें 51 नंबर की पुलिस चौकी लेजाने लगे तो बिना बताए ही रफू चक्कर हो गए बजरंगियों ने उन्हें आस पास की कई इलाकों की गली मोहल्ले की बस्तियों में ढूंढा लेकिन वह लोग कही दिखाई नही दिए। बजरंग दल मालवा प्रांत बलो उपासना प्रमुख तन्नू शर्मा का इशष्ट कहना है की यह लोग बंगला देशी मुस्लिम जिहादी मानसिकता के लोग हे और इंदौर के साथ चंदन नगर के सिरपुर तालाब बांक के किनारे झोपड़ी बनाकर रेन बसेरा कर रहे हे साथ ही अब हिंदू क्षेत्रों में बड़ी तादात में घुस पैठ बना चुके हे जो भीख मांगने के नाम से हिंदू घरों की रिकवरी करते हे और उसके बाद वहा लूट चोरी जेसी बड़ी घटना को अंजाम देते हे इंदौर के शासन जिला प्रशासन और खुफिया विभाग को ऐसे लोगो पर विषेश नजर रखना चाहिए और सख्त करवाही करना चाहिए वही अब हिंदू समाज को ऐसे लोगो पर नजर के साथ जागृत होने की आवस्कता है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ प्रबंध संपादक - महेन्द्र आर.पालीवाल, ■ समूह PRO - एल.एन. उग्र ■ फोन : 0731-2433667 ■*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।